# आकाशवाणी भोपाल
## दोपहर समाचार

दिनांक 22.03.2025 समय: 2.10

### प्रधानमंत्री–जल दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए देश की प्रतिबद्धता दोहराई। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा

प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि जल, सभ्यताओं की जीवन रेखा रहा है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे संरक्षित करने की महति आवश्यकता है।

वहीं, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने भी जल दिवस पर जल के संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव ने कहा

### अर्थ ऑवर

भारत आज दुनिया के सबसे बड़े पर्यावरण आंदोलन, अर्थ ऑवर में शामिल होगा। अर्थ ऑवर का आयोजन प्रत्येक वर्ष मार्च में रात साढ़े आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक होता है। इस घंटे के दौरान, दुनिया भर के लोग सभी अनावश्यक लाइट बंद कर देते हैं। भारत में, प्रतिष्ठित स्थल, स्मारक, सार्वजनिक और निजी संस्थान, व्यवसाय और समुदाय इस आयोजन में एक साथ भाग लेते हैं। इस वर्ष के अर्थ ऑवर का विषय– जल के प्रति जागरूक बनें, जल संरक्षण और स्थायी प्रथाओं की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। अर्थ ऑवर पहली बार वर्ष 2007 में ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में शुरू किया गया था।

### एकीकृत निगरानी तंत्र

प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अफसरों को निर्देश दिये हैं कि धान और गेहूँ उपार्जन, परिवहन और भण्डारण में सामने आने वाली गड़बडियों को रोकने के लिए एकीकृत निगरानी तंत्र जल्द विकसित करें। श्री सिंह ने कहा है कि धान और चावल के मिलिंग और परिवहन के दौरान वाहनों में जीपीएस सिस्टम आवश्यक रूप से लगवाने के साथ उसकी मॉनिटरिंग भी करें। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि मुख्यालय स्तर पर कन्ट्रोल कमांड सेन्टर बनाया जाए, जिससे पूरे प्रदेश में भण्डारित किये गये उपार्जित धान एवं गेहूँ और चावल की मात्रा, परिवहन और मिलिंग की जानकारी एक ही क्लिक पर उपलब्ध हो जाए।

मुख्यमंत्री दिल्ली दौरा

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव आज दिल्ली के दौरे पर हैं। उन्होंने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में सौजन्य भेंट की। डॉक्टर यादव इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात करेंगे।

बैडमिन्टन

स्विस ओपन बैडमिन्टन टूर्नामेंट में महिला डबल्स के सेमीफाइनल में आज त्रिशा जोली और गायत्री गोपीचंद की जोडी का सामना चीन की शेंग शू लियू और तेन निंग की जोड़ी से होगा। यह मैच स्विटजरलैंड के बेसल में भारतीय समयानुसार शाम पांच बजकर दस मिनट से खेला जाएगा।

संक्षेप में

– आगरमालवा कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देश पर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी हेतु पूर्व में निर्धारित 22 उपार्जन केन्द्रों के अलावा 18 उपार्जन केन्द्र और स्थापित कराए गए हैं। जिले में अब कुल 40 गेहूं उपार्जन केन्द्र स्थापित हो चुके है, जहां 15 मार्च से गेहूं उपार्जन किया जा रहा हैं।

– नर्मदापुरम जिले की पचमढ़ी में तीन दिवसीय जनजातीय संपदा समारोह का शुभारंभ ओल्ड होटल ग्राउंड में हुआ। 23 मार्च तक चलने वाले इस समारोह में मध्य प्रदेश की बैगा, गोंड, कोरकू और भील जनजातियों के साथ गुजरात की राठ और महाराष्ट्र की धनगर जनजातियों के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं।

– जबलपुर के पाटन तहसील में सगे भाई–बहन की करंट लगने से मौत हो गई। एक बच्चा झुलस गया है, उसकी हालत गंभीर है। तीनों बच्चे खेत के आसपास घूम रहे जानवरों को भगाने गए थे।

– जबलपुर के बेलखेड़ा थाना अंतर्गत दुष्कर्म पीड़िता आठ साल की बच्ची की पहचान उजागर करने के मामले में जबलपुर उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार, डीजीपी, जबलपुर कलेक्टर, एसपी, थाना प्रभारी बेलखेड़ा और जिला शिक्षा अधिकारी को नोटिस जारी किया गया है।

नमस्कार।